कार्यालय नगरपालिका परिषद 'जल प्रकोष्ठ' गुना (म.प्र)

क्रमांक 82 गुना दिनांक 29.04.2026

निविदा सूचना

—00—

निम्नलिखित विवरण के अनुसार आगामी वर्ष हेतु कार्य के अनुरूप समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / अनुभवी फ़र्मो से निविदाये ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है-

क्रं.	कार्य का विवरण	अनुमानित राशि	प्रतिभूति राशि	निविदा का मूल्य	कार्य की अवधि
1.	(1) ट्रीटमेंट प्लांट सिंध क्षेत्र में लगे नलकूपों के सबमर्शिबल मोटर पंप सेट में खराबी आने पर लिफ्टिंग एवं लोवरिंग का कार्य मय स्वयं की T&P मशीन आदि द्वारा कार्य करना (i) 20 पाइप तक - 50 कार्य (ii) 30 पाइप तक - 40 कार्य (iii) 40 पाइप तक - 40 कार्य (iv) 40 पाइप से अधिक - 30 कार्य (2) सिंध फिल्टर प्लांट के आसपास स्तिथ नलकूपों की ख़राब एवं जली हुई सबमर्शिबल मोटर पंप सेट रिवाईडिंग मय रिंग,बुश सहित सुधार कार्य करना (i) 7.5 एच.पी. मोटर पंप सेट - 25 कार्य (ii) 10 एच.पी. मोटर पंप सेट - 20 कार्य (iii) 12.5 एच.पी. मोटर पंप सेट - 10 कार्य (iv) 15 एच.पी. मोटर पंप सेट - 10 कार्य (3) नवीन खनित नलकूपों में सबमर्शिबल मोटर पंप सेट स्थापना का कार्य करना मय T&P मशीन सहित कार्य करना (i) 20 पाइप तक - 05 कार्य (ii) 30 पाइप तक - 13 कार्य (iii) 40 पाइप तक - 08 कार्य (iv) 40 पाइप से अधिक - 10 कार्य	720338/—	7205/—	2000/—	01 वर्ष

2026-080-504(TL-1)

-	(4) नगर के सिंध फिल्टर प्लांट के आसपास स्तिथ नलकूपों से गिरी / फसी हुई सबमर्शिबल मोटर पंप सेट केलिक्स मशीन या अन्य किसी जुगाड़ द्वारा निकालना तथा मोटर पंप पुनः स्थापित कर पंप चालू करना मय T&P मशीन भाड़ा आदि सहित कार्य करना - 06 कार्य				

1. निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक :– 03.06.2026 समय शाम 5.30 PM तक
2. निविदा प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक :– 03.06.2026 समय शाम 5.30 PM तक
3. निविदा खोलने का दिनांक :– 05.06.2026 समय सुबह 11.00 AM

नोट :– निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्तें वेवसाईट **www.mptender.gov.in** पर अथवा कार्यालयीन समय में आकर कार्यालय में देखी जा सकती है।

(मंजूषा खत्री)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् गुना (म.प्र.)

(सविता अरविन्द गुप्ता)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद् गुना (म.प्र.)

निविदा की शर्तें एवं नियम -

(1) कार्य, उपयंत्री के निर्देश अनुसार सिंध फिल्टर प्लांट बेंहटाघाट पंप हाउस, गुना पर करना होगा।

(2) ठेकेदार/संस्थान का स्थायी पता एवं बिक्रीकर GST No.,आयकर नंबर(पेन नं.)होना आवश्यक है।

(3) शर्तों वाली, अपूर्ण एवं अस्पष्ट निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(4) निविदा में दरे प्रति कार्य में दी जावे तथा दरें बिना जी.एस.टी. के दी जावें।

(5) शासन नियमानुसार GST की राशि का भुगतान किया जावेगा।

(6) शासन नियमानुसार सभी करों एवं GST की कटौती देयकों से की जावेगी।

(7) सफल निविदाकार को परफोर्मेंस सिक्योरिटी की राशि उसकी संविदा के मूल्य के आधार पर जमा करना होगी।

(8) दर्शाई गई मात्रा में आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।

(9) कार्य एक मुश्त नही कराया जावेगा। कार्य समय-समय पर आवश्यकतानुसार आदेश देकर कराया जावेगा।

(10) कार्य की अति आवश्यकता तथा पेयजल की आपूर्ति हेतु आवश्यकता होने पर स्वीकृत दर पर आगामी वर्ष की नवीन दरे स्वीकृत होने तक कार्य करना होगा।

(11) सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

(12) कार्य करने के दौरान किसी घटना, दुर्घटना, क्षति एवं हानि के लिये निविदाकार स्वंय उत्तरदायी होगा, विभाग नहीं।

(13) समस्त कार्य विभागीय निर्देशो के अधीन करना होगा। निर्देशो की अवहेलना आदि की दशा में ठेका त्वरित रूप से निरस्त कर दिया जावेगा एवं वैकल्पिक व्यवस्था विभाग द्वारा की जावेगी जिसका हर्जे खर्चे के लिये ठेकेदार उत्तरदायी होगा।

(14) त्वरित आपूर्ति हेतु स्वीकृत दर पर किसी अन्य एजेंसी से कार्य कराया जावेगा।

(15) कार्य निर्धारित स्तर का न होने की स्थिति में स्वीकार नहीं की जावेगी एवं न ही किसी प्रकार का भुगतान किया जावेगा।

(16) कार्य , आदेश के 03 दिवस में करना होगा तथा कार्य समय सीमा में न करने की स्थिति में अनुबंध निरस्त एवं परफोर्मेंस सिक्योरिटी राजसात कर त्वरित आपूर्ति हेतु स्वीकृत दर पर किसी अन्य एजेंसी से कार्य कराया जावेगा।

(17) आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान किया जाना संभव होगा तथा किसी भी प्रकार का ब्याज आदि भुगतान नहीं किया जावेगा।

(18) किसी भी प्रकार के विवादों का न्याय क्षेत्र गुना होगा।

11/02/2026

(मंजूषा खत्री)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् गुना (म.प्र.)

(सविता अरविन्द गुप्ता)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद् गुना (म.प्र.)

Signature Not Verified
Digitally signed by SANCHIT DIMRI
Date: 2026.05.03 04:01:14 MDT
Location: Madhya Pradesh-MP